दिन—शनिवार दिनांक— 20 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि— 05 मिनट

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी— एनटीए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट—यूजी का केन्द्र—वार परिणाम अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एनटीए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। इससे पहले न्यायालय ने एनटीए को उम्मीदवारों की पहचान की मास्किंग कर आज दोपहर बारह बजे तक वेबसाइट पर शहर—वार और केन्द्र—वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था। परिणाम अब वेबसाइट **नीट डैस एनटीएऑनलाइन डैस इन** पर उपलब्ध हैं। गौरतलब है कि पिछले चार जून को नीट—यूजी परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था। इसके बाद परीक्षा परिणाम से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर विवाद गहरा गया है और अब ये मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधिन है।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने बाईस जुलाई से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र बारह अगस्त तक चलेगा। वहीं, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन तेईस जुलाई मंगलवार को आम बजट पेश करेंगी। ये नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि ये बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का प्रभावी दस्तावेज होगा।

————————————————————

इधर, बिहार विधानमंडल के बाईस जुलाई से शुरू हो रहे मॉनसून सत्र को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में विधानसभ अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने विभिन्न राजीनतिक दलों के साथ बैठक में सत्र को शांतिपूर्ण ढंग से चलाने के लिए सहयोग करने का अनुरोध किया है। इधर, विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह की अध्यक्षता में भी एक सर्वदलीय बैठक हुयी। श्री सिंह ने सभी दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में विश्वास जताया कि सदन में जनहित के मुद्दों पर

सार्थक विचार–विमर्श होगा। छब्बीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठक होंगी।

————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और पड़ोसी राज्यों में लगातार बारिश के कारण गंगा, सोन, गंडक समेत विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर और पटना के दीघा घाट तथा गांधीघाट पर लगातार बढ रहा है। गांधीघाट पर नदी का जलस्तर खतरे के निशान से मात्र साठ सेंटीमीटर नीचे रह गया है। सोन नदी के जलस्तर में भोजपुर के कोईलवर और पटना के मनेर में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। वहीं, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान को पार कर गया है। बागमती नदी का जलस्तर सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर और मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान के आस–पास बना हुआ है। इधर, कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में लाल निशान से करीब साठ सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया है। महानंदा नदी का जलस्तर पूर्णियां के ढेंगराघाट में लगातार बढ़ रहा है।

————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधि कमजोर रही है। रोहतास, भभुआ और औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकांश जगहों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक राज्य के उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है। विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के बाद राज्य के अधिकतर स्थानों पर मॉनसून के फिर से सक्रिय होने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही है।

————————————————————

भारतीय डाक विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे अपने प्रियजनों को समय पर राखी पहुंचाने के लिए इकतीस जुलाई तक राखी भेज दें। विभाग ने अंतरराष्ट्रीय मेलिंग की कठिनाइयों से निपटने और देरी तथा सीमा शुल्क–संबंधी समस्याओं की संभावना को कम करने के लिए यह सलाह दी है।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।